an>

Title: Regarding situation arising out of not providing loan to the unemployed youth by the banks under Mudra Yojna in the country.

श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक) : अध्यक्ष महोदया, आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने बेरोजगार युवकों को रोजगार दिलाने के लिए मुद्रा योजना बनाई है, जिसके तहत बेरोजगार युवक बैंकों से लोन लेकर अपनी उपजीविका के लिए कोई अच्छा व्यवसाय कर सकते हैं। मैं इसके लिए आदरणीय प्रधानमंत्री जी की प्रशंसा करता हूं। कई बेरोजगार युवको ने मुद्रा योजना में लोन मिलने के लिए अभी तक बैंकों में प्रस्ताव दिए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के हमारे जो युवक हैं, बेरोजगार हैं। आज किसानों की हालत सभी को मालूम है। कल की ओलावृष्टि ने सभी को नुकसान पहुंचाया, ऐसे समय में उनको जोड़ बिजनेस, ज्वाइंट बिजनेस मिलना चाहिए। इसलिए वे बैंकों में जाते हैं, एप्लाई करते हैं, लेकिन हमारे संज्ञान में यह बात आई है कि बैंक मुद्रा लोन के केसेज नहीं पास करती हैं, कोई न कोई बहाना बताकर उसको फेल कर देती हैं। ऐसे में हमारे बेरोजगार युवको में काफी निराशा फैल रही है। मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करता हूं, एमओएस साहब यहां बैठे हैं, कि मुद्रा योजना के तहत बेरोजगार युवकों को लोन देने के लिए सभी बैंकों को आवश्यक निर्देश दें और जो बैंक ऐसी योजना का पालन नहीं करता हो, उस पर कार्रवाई करनी चाहिए। इस हिसाब से यूको बैंक, केनरा बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा ऐसे केसेज बिल्कुल एक्सेप्ट करती नहीं हैं। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री चन्द्र प्रकाश जोशी को श्री कृपाल बालाजी तुमाने द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।